लापरवाही . उपकारा में कैसे होगी निगरानी

सीसीटीवी कैमरे ठप



कैसे होगी सुरक्षा : उपकारा गेट पर नहीं है कोई प्रहरी.

■ दस में छह सीसीटीवी कैमरे पहले हुए खराब और चार हुए बाद में हुए खराब

प्रतिनिधि, पटना सिटी

सिटी उपकारा के अंदर क्या हो रहा है. गेट पर कौन-कौन मुलाकाती किसी अपराधी से मिल रहा है. इन सभी गतिविधियों को रिकॉर्ड करनेवाले दस सीसीटीवी कैमरे महीनों से बंद पड़े हैं.

जेल के अंदर कैदी करते हैं मनमौजी

ऐसे में इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बंदियों की मनमौजी कारा की चहारदीवारी तक ही सिमट कर रह जा रही है. बताया जाता है कि छह कैमरे पूर्व से ही खराब थे. चार कैमरे बाद में खराब हो गये. सिटी उपकारा के गेट पर बंदियों से मुलाकात के लिए कड़े नियम व कानून अंकित हैं, जिसमें यह भी लिखा है कि कारा की फोटोग्राफी प्रतिबंधित है. कारा के अंदर की सच्चाई यह है कि बंदियों व मुलाकातियों का फोटो खिंचनेवाल सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं. सिटी उपकारा कई मामलों में अतिसंवेदशील कारा में शामिल है. कारा की तीसरी आंख यानी सीसीटी कैमरे के बंद होने से कर्मचारी क्या कर रहे हैं,बंदियों की क्या स्थिति है. यह सबकुछ उनकी मनमर्जी पर आधारित है.

बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे को चालू कराने के लिए जेल आइजी व संबंधित कंपनी सहित अन्य अधिकारियों को लिखा जा चुका है. कारा में अनुशासन का कड़ाई से पालन व नियमित निरीक्षण कार्य होता है.

कुमार अनिल सिन्हा , वरीय उपसर्माहता व कारा अधीक्षक

खुलेंगे 15 और सामुदायिक कॉलेज

पटना. सूबे में 15 और सामुदायिक कॉलेजों की स्थापना होगी. इसकी स्वीकृति के लिए शिक्षा विभाग ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय को सूची भेजी है. शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने पत्र में लिखा है कि स्वीकृति मिलती है, तो राज्य के हित में सराहनीय कदम होगा. इससे पहले भी बिहार सरकार ने केंद्र के निर्देश के बाद 15 संस्थानों का चयन कर सामुदायिक महाविद्यालयों की स्थापना की. इसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिल गयी है और यहां सत्र भी शुरू हो गया है. सरकार ने जो नयी सूची भेजी है, उसमें पटना के चार कॉलेज हैं. इनमें मगध महिला कॉलेज, अरविंद महिला कॉलेज, राजकीय महिला कॉलेज व बीडी कॉलेज शामिल हैं.

नाटक का मंचन

खगौल. अंतरराष्ट्रीय विकलांगता दिवस पर मंगलवार को नाट्य संस्था मंथन कला परिषद द्वारा विकलांगता पर आधारित नाटक 'जीवन एक संघर्ष' का मंचन कई जगहों पर किया गया. इस नाटक के लेखक नवीन कुमार सैनिक हैं. इसका निर्देशन प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने किया.

जटिल बीमारियों पर काबू के लिए अनुसंधान जरूरी

■ राजेंद्र स्मारक चिकित्सा विज्ञान अनुसंधान संस्थान का 50 वां स्थापना दिवस मना

प्रतिनिधि, पटना सिटी

कार्यक्रम का उद्घाटन करते डॉ जीतेंद्र सिंह, डॉ गिरीश कुमार व अन्य.

चिकित्सा व अनुसंधान का क्षेत्र व्यापक है. ज्ञान को चेतना में लाने पर ही अनुसंधान संभव है. तभी जटिल बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है. यह बात मंगलवार को अगमकुआं स्थित राजेंद्र स्मारक चिकित्सा विज्ञान अनुसंधान संस्थान के 50 वें स्थापना दिवस व देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कही. कार्यक्रम का उद्घाटन सीएमसी , भेल्लौर के पूर्व निदेशक डॉ वीआइ माधन ने किया. उन्होंने संस्थान में हो रहे अनुसंधान को ग्लोबल स्तरीय बताया. विशिष्ट अतिथि एम्स के निदेशक गिरीश कुमार सिंह ने कहा कि गंडक व सोन के क्षेत्रों में रहनेवालों के बीच अनुसंधान में मस्तिष्क ज्वर की बीमारी के कारणों को जानने के लिए वैज्ञानिकों की टीम अनुसंधान कर रिपोर्ट केंद्र व राज्य सरकार को भेजेगी. महावीर कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ जीतेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि भविष्य में कैंसर पर अनुसंधान का काम संस्थान के लैब में किया जायेगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ प्रदीप दास ने कहा कि संस्थान में एड्स का एआरपी, यक्ष्मा का एमडीआर व कालाजार पर वैज्ञानिकों की ओर से अनुंसधान किया जा रहा है. भविष्य में अनेक जटिल बीमारियों पर काबू पाने के लिए अनुसंधान किया जायेगा. कार्यक्रम का संचालन डॉ सीएम लाल ने किया. मौके पर पीयू के कुलपति प्रो अरुण कुमार, डॉ कृष्ण पांडे, डॉ वीएन दास, डॉ एके गुप्ता,डॉ श्याम नारायण आदि मौजूद थे. कार्यक्रम में पूर्व निदेशक डॉ वीआई माधन को प्रतीकचिह्न दे कर सम्मानित किया गया. इसके बाद छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की.

गुजरात के मंत्री व सांसद ने की पूजा-अर्चना , मत्था टेका

पटना सिटी. आतंकवाद , भ्रष्टाचार व महंगाई के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करना होगा. इसके लिए सबसे अहम है गरीबी-अमीरी, जात-पांत के भेदभाव को मिटा कर समस्याओं को दूर करने के लिए संघर्ष करें. यह बात मंगलवार को गुजरात के पशुपालन व मत्स्य राज्य मंत्री दिलीप कुमार ठाकोर ने कही. श्री ठाकोर ने शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी मंदिर में प्रतिनिधिमंडल के साथ पूजा-अर्चना की. इसके बाद राज्य मंत्री के साथ शिष्टमंडल ने श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज की जन्मस्थली तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेका और गुरु घर का आशीष लिया. मंत्री के साथ सांसद पुरुतोषत्तम कुमार रूपाला, विधायक संजय भाई पटेल व अरविंद भाई पटेल, बड़ौदा के मेयर भरत भाई शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगा भाई परमार आदि थे. गुजरात से आये नेताओं के साथ विधान पार्षद सत्येंद्र कुशवाहा व प्रदेश महामंत्री संजीव चौरसिया भी थे. बताते चलें कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निर्माण को ले कर गुजरात का यह शिष्टमंडल बिहार आया है.

जयंती पर याद किये गये राजेंद्र बाबू

संवाददाता,पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की 129वीं जयंती पर राजेंद्र चौक पर आयोजित राजकीय समारोह में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने चरखा समिति की महिलाओं के बीच खादी की साड़ी का वितरण किया. मौके पर मंत्री श्याम रजक, उपाध्यक्ष राज्य नागरिक परिषद संजय सिंह उर्फ गांधीजी, पूर्व विधायक कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, श्रीकांत सत्यदर्शी, रणवीर नंदन, छोटू सिंह, सरदार कुलवंत सिंह सलूजा आदि उपस्थित थे. बाद में मुख्यमंत्री ने राजेंद्र घाट जाकर देशरत्न की समाधि पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया. उधर, प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौधरी, एआइसीसी के सचिव केएल शर्मा व परेश धनानी, विधानमंडल दल के नेता सदानंद सिंह व विधान परिषद में पार्टी की नेता डॉ ज्योति ने श्रद्धासुमन अर्पित किया. गुजरात के सांसद पुरुषोत्तम भाई रुपाला ने राजेंद्र बाबू के समाधि स्थल पर जाकर श्रद्धांजलि दी. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मंगल पांडेय ने कहा कि राजेंद्र बाबू के जीवन और कार्यों से हम सबको सीख लेनी चाहिए. गुजरात के मंत्री दिलीप ठाकुर, विधायक अरविंद भाई, संजय पटेल, बड़ौदा के मेयर भरत शाह, विस उपाध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह, विस में विरोधी दल के मुख्य सचेतक अरुण सिन्हा, संजय मयूख, मिथिलेश तिवारी, डॉ संजीव चौरसिया, विधान पार्षद सत्येंद्र नारायण कुशवाहा, डॉ योगेंद्र पासवान, सीताराम पांडेय, अजीत कुमार लाली आदि ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये.

पटना सिटी. देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर मंगलवार को अनेक कार्यक्रम हुए. इसमें वक्ताओं ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सादा जीवन उच्च विचारवाला पुरुष बताया.

प्रगतिशील कायस्थ समाज की ओर से नून के चौराहा में संदीप चंद्रा की अध्यक्षता व महासचिव लाला प्रकाश के संचालन में जयंती समारोह मनायी गयी. कार्यक्रम में प्रभात बहादुर माथुर, प्रमोद कुमार सिन्हा, विनोद कुमार सिन्हा, रतन कुमार सिन्हा, नवल किशोर सिन्हा, अजय कुमार मंटू, अजय बबलू, संजय कुमार सिन्हा, राकेश कुमार व विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य शामिल हुए. लोक सेवा अधिकार मंच की ओर से सूर्य देव नारायण की अध्यक्षता व प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिन्हा के संचालन में कार्यक्रम हुआ. कार्यक्रम में युसूफ खान, राजेंद्र प्रसाद, भारत भूषण वर्मा, अनिल कुमार आदि उपस्थित थे. राजकीयकृत मारवाड़ी उच्च विद्यालय में प्राचार्य पुनीत किशोर रजक की अध्यक्षता व प्रकाश चंद्र के संचालन में जयंती मनायी गयी. उद्घाटन अभिनेता संजय शर्मा ने किया. मौके पर डॉ रामकृष्ण प्रसाद, संजीव कुमार, मनोज कुमार, बाल कलाकार मोहन, अनुज किशोर प्रसाद आदि ने विचार रखे.

प्रतियोगिता से निखरती है प्रतिभा : अवधेश

पटना.राजधानी में मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनी. डॉ राजेंद्र प्रसाद सामाजिक संस्थान की ओर से बांसघाट स्थित समाधि स्थल पर अंतर विद्यालय पेंटिंग प्रतियोगिता हुई. प्रतियोगिता में 65 विद्यालय के 1832 बच्चे शामिल हुए.

उद्घाटन बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने किया. उन्होंने कहा कि देश रत्न के जन्म दिवस पर बच्चों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन जरूरी है. इससे उनकी प्रतिभा निखरती है. साथ ही ऐसे महापुरुष की विस्तृत जानकारी भी मिलती है. मौके पर संस्था के अध्यक्ष पांडेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ दिवाकर तेजस्वी, सत्य नारायण, विधायक रामानंद यादव व विधान पार्षद विजय कुमार वर्मा समेत अन्य उपस्थित थे. टीके घोष एकेडमी राजकीय उच्च विद्यालय में भी डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनी. कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्याम रजक ने कहा कि इस विद्यालय में डॉ राजेंद्र प्रसाद ने पढ़ाई की. इसलिए इसकी अपनी गरिमा है. ऐसे ऐतिहासिक व गरिमामय विद्यालय का जीर्णोद्धार होना चाहिए. उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को शीघ्र विद्यालय भवन बनाने का आश्वासन दिया. मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री संजय सिंह व विद्यालय के शिक्षक विद्यानंद सिंह समेत अन्य उपस्थित थे.

राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं.

निःशक्तों के उत्थान का संकल्प लें

पटना सिटी. कुम्हरार स्थित अंतरर्ज्योति बालिका विद्यालय में मंगलवार को बिहार नेत्रहीन परिषद की ओर से विश्व विकलांग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ. वक्ताओं ने निःशक्तों के उत्थान के लिए समाज के हर वर्ग से आगे आने की अपील की. अतिथियों का स्वागत परिषद के अध्यक्ष डॉ रंजन कुमार अखौरी ने किया. संचालन प्रो आनंद मूर्ति ने किया. कार्यक्रम को उपाध्यक्ष रवींद्र प्रसाद सिंह, मुख्य अतिथि कुमार त्रिपुरारी प्रसाद, डॉ रवींद्र नारायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष डॉ शशि प्रभा आदि ने संबोधित किया. मौके पर विद्यालय में बने कमरे का भी उद्घाटन किया गया.

सिटी अपडेट

नौ अधिकारियों को नयी जिम्मेवारी

पटना. राज्य सरकार ने नौ अधिकारियों को नयी जिम्मेवारी दी है. इसमें दो आइएएस को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है तथा बिहार प्रशासनिक सेवा के सात अधिकारियों को नये जगह पर पदस्थापित किया गया है. सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है. खनन विभाग के प्रधान सचिव बी. प्रधान को बिहार राज्य खनिज विकास निगम का एमडी तथा इसी विभाग के अपर सचिव घनश्याम प्रसाद दफ्तुआर को खान एवं भूतत्व विभाग के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभालने के लिए कहा गया है. बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों में बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग के संयुक्त सचिव शैलेश कुमार को पथ निर्माण विभाग में इसी पद पर भेजा गया है.पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे उदय कुमार को पटना प्रमंडल पंचायती राज का उप निदेशक बनाया गया है. पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे मो युनूस को सिमरी बख्तियारपुर का डीसीएलआर, मो सलीम अख्तर को राज्य मानवाधिकार आयोग में उपसचिव, सिमरी बख्तियारपुर के डीसीएलआर मो रसीद हुसैन को बिहार राज्य हज कमेटी का सीइओ, सैनिक कल्याण निदेशालय में निदेशक उमेश कुमार वर्मा को निदेशक डीआरडीए मोतिहारी व निलंबन से मुक्त रंजीत कुमार सिन्हा को बेतिया में निदेशक डीआरडीए बनाया गया है. पदस्थापन को लेकर चुनाव आयोग से सहमति मांगी गयी है.

सड़क दुर्घटना में दंपती जख्मी

पटना सिटी. मंगलवार को एनएच- 30 पर ट्रक व ऑटो की टक्कर में दंपती समेत तीन लोग जख्मी हो गये. घायल दंपती का उपचार नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है. राघोपुर निवासी रामप्रसाद साव, पत्नी फूला देवी व ब्रह्मा के साथ जेठुली स्थित ससुराल से बंका घाट स्टेशन जाने के लिए ऑटो से निकले थे. इसी समय पीछे से आ रहे ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी. ब्रह्मा का समीप के निजी उपचार केंद्र में इलाज कराया गया, जबकि दंपती को अस्पताल लाया गया. जख्मी दंपति ने बताया कि धनबाद जाने के लिए स्टेशन जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया.

जिक्र-ए- शहीदाने करबला व शब्बेदारी आज

पटना सिटी. खाजेकलां के संगी दलान स्थित सैयद मेहंदी अली खां साहिब के इमामबाड़ा में बुधवार को जिक्र-ए- शहीदाने करबला व शब्बेदारी का आयोजन होगा. इसकी जानकारी देते हुए तनवीरुल हसन तन्नू ने बताया कि मजलिस-ए-अजा के उपरांत खाजेकलां से जुलूस-ए-अलम निकलेगा. जुलूस खाजेकलां थाना के सदर गली मीर गुलाबी बाग होते हुए पक्की गौरेया स्थित सैयद मोबारक अली साहिब की इमाम वारगाह पहुंचेगा. यहां पर जिक्र-ए- शहीदाने करबला व शब्बेदारी का आयोजन किया गया है.

मछुआरों की समस्याओं पर धरना आज

पटना सिटी. पटना जिला निषाद संघ की बैठक मंगलवार को सादिकपुर में अध्यक्ष गरीब नाथ सहनी की अध्यक्षता में हुई. बैठक में तय किया गया कि मछुआरों की समस्याओं व पुलिस प्रशासन द्वारा झूठे मुकदमे में समाज के लोगों को फंसाने के खिलाफ अनुमंडल कार्यालय के पास धरना दिया जायेगा. बैठक में छोटे लाल सहनी, मोती लाल सहनी, संजय सहनी, कमलेश सहनी, सोनू सहनी, कुमार राज सहनी, विक्की निषाद, कुंदन सहनी, अमित केवट, भीष्म निषाद, मनोज निषाद, विनोद निषाद, अशोक निषाद व अनिल निषाद के साथ कई नेता मौजूद थे.

मकान मालिक ने की किरायेदार के साथ मारपीट

पटना सिटी. चौक थाना क्षेत्र के कैमाशिकोह मुहल्ले में किराये पर रहनेवाली रेणु कुमारी व उसकी मां कौशल्या देवी ने मकान मालिक राजा, विक्की व बिरजू पर मारपीट करने और कमरे में ताला जड़ने की शिकायत दर्ज करायी है. एसडीओ को दिये आवेदन में पीड़िता ने कहा कि थाना में जब शिकायत लेकर पहुंची, तो पुलिसकर्मियों ने भगा दिया. एसडीओ ने मामले में जांच का आदेश थानाध्यक्ष को दिया है.

शहीद खुदीराम बोस की जयंती मनी

पटना सिटी. संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय , रमना में मंगलवार को क्रांतिकारी शहीद खुदीराम बोस की 124 वीं जयंती मनायी गयी. उद्घाटन प्रधानाध्यापिका आशा कुमारी ने किया. कार्यक्रम में शिक्षाविद पंकज कुमार, प्रदीप कुमार चौधरी, संकुल समन्वयक सूर्यकांत गुप्ता आदि ने स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर चर्चा की. कार्यक्रम में बाल संसद के चंदन कुमार, रागिनी कुमारी, मीना मंच की शिवानी कुमारी, मुस्कान कुमारी, अरुण कुमार, संजय कुमार मेहता, पार्वती सिन्हा, मंजू कुमारी आदि मौजूद थे.

कर्मचारियों का धरना जारी

पटना सिटी. बिहार चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की फाइलेरिया नियंत्रक इकाई ने सुल्तानगंज स्थित मुख्यालय के समक्ष मंगलवार को भी धरना जारी रखा. धरना पर बैठे कर्मचारी एसीपी का लाभ, छठे वेतन की बकाया अंतर राशि, उपर्जित अवकाश के बकाया वेतन आदि की मांग कर रहे हैं. मौके पर शाखा मंत्री मो आशिक,अध्यक्ष महेंद्र कुमार, रजन कुमार सिन्हा, विजय कुमार सिंह, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार सिन्हा, श्याम वरण प्रसाद, आनंद कुमार, राम छबीला सिंह, मो असगर अली, अजय कुमार सिंह, रवींद्र कुमार सिन्हा, मो हाफिज आदि मौजूद थे.

हस्ताक्षर अभियान चलाया

पटना सिटी. माले की पटना सिटी इकाई द्वारा जन हस्ताक्षर अभियान मंगलवार को चलाया गया. पटना साहिब व गुलजारबाग स्टेशनों के समीप लगाये गये शिविरों में सचिव नसीम अंसारी, शंभूनाथ मेहता, दीनानाथ मेहता, अर्जुन जायसवाल, मनोहर लाल, अनय मेहता, सुरेश प्रसाद, चंद्रभूषण शर्मा, महेश चंद्रवंशी, रजनीश बिंद, प्रमोद चौहान, उमेश पासवान, गोरख मेहता, विक्की मेहता, डॉ अली अख्तर, जावेद अहमद, मो इदरीश खां आदि शामिल हुए. नेताओं ने दस दिसंबर को मानवाधिकार दिवस के दिन हस्ताक्षर राष्ट्रपति को सौंपने का निर्णय लिया.

मुख्यमंत्री का बयान गैरजिम्मेवाराना : पारस

पटना. लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने राज्य में बढ़ती हिंसा पर मुख्यमंत्री के बयान की निंदा की है. उन्होंने सीएम के बयान को गैरजिम्मेवाराना बताते हुए कहा कि इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ेगा. ऐसे बयान से राज्य पुलिस बल में व्याप्त निकम्मेपन में और वृद्धि होगी. उन्होंने राज्य सरकार से अपराध नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है. श्री पारस ने कहा कि श्री कुमार के शपथ लेने के बाद से अब तक अपराध में 73 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इनके शासनकाल में 31 अगस्त, 2013 से अब तक 28, 248 लोगों की हत्या हो चुकी है.

चौधरी चरण सिंह की जयंती मनायेगा राजद

पटना. राजद किसान प्रकोष्ठ ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है. जयंती 23 दिसंबर को है. समारोह पार्टी कार्यालय में होगा. इसमें सभी सांसदों, पूर्व सांसदों, विधायक, विधान पार्षद, पूर्व विधायक व पूर्व विधान पार्षदों को आमंत्रित किया गया है. बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री मुंद्रिका सिंह यादव ने बताया कि सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है. सरकार ने किसान से धान खरीदने का निर्णय लिया है, लेकिन अब तक खरीदारी शुरू नहीं होने से किसान मायूस हैं.

कई प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख भाजपा में शामिल

पटना. भाजपा ने मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र नालंदा में सेंध लगायी है. मंगलवार को नालंदा के कई प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख व मुखिया भाजपा में शामिल हो गये. पार्टी मुख्यालय में उन्हें प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडेय ने सदस्यता ग्रहण कराया. भाजपा में शामिल होनेवालों में प्रखंड प्रमुख अनुग्रह नारायण सिंह, मीना देवी, उप प्रमुख राकेश कुमार उर्फ गुड्डू, नवीन कुमार, संगीता देवी, जिला परिषद सदस्य गौरी सिन्हा व अजय चौहान प्रमुख रूप से शामिल है. इनके अलावा मुखिया सुलेखा देवी, योगेंद्र प्रसाद मंडल, कमलेश पासवान, विपिन कुमार, अंजीरा देवी, सरपंच संजू देवी, रंजू देवी, मनोज कुमार, नीतू देवी, पंचायत समिति सदस्य विनय कुमार, महेंद्र राम व सुगिया देवी ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मंगल पांडेय ने कहा कि नालंदा से इतनी बड़ी संख्या में लोगों का भाजपा में शामिल होना, इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री की अपने ही जिले में निचले स्तर पर भी पकड़ ढीली पड़ गयी है.

बच्चे को जम कर पीटा

मसौढ़ी. धनरूआ प्रखंड कार्यालय कैंपस स्थित नल पर स्नान कर रहे 12 वर्षीय महादलित बच्चे को एक पदाधिकारी ने बीडीओ के कार्यालय कक्ष में जम कर पिटाई कर दी. बच्चे की गलती थी कि स्नान करने के दौरान पानी का छींटा उक्त पदाधिकारी के ऊपर पड़ गया था.

GOVERNMENT OF INDIA
OFFICE OF THE COMMISSIONER, CENTRAL EXCISE & SERVICE TAX, PATNA
INVITATION OF TENDER FOR PROVIDING CONTRACT LABOURERS FOR MAINTENANCE AND HOUSEKEEPING PURPOSE
Sealed tenders are invited from reputed House Keeping Agencies for providing contract labourers for maintenance & housekeeping services for office premises of Central Excise & Service Tax, Patna.
The detailed terms & conditions along with Technical and Financial Bid forms may be procured either from the Administrative Officer of this office on any working day during office hours upto 26.12.2013 or can be downloaded from the website "www.cbec.gov.in". The last date for submission of bids is 27.12.2013 till 15.00 hrs. The Technical bids will be opened by a committee in presence of all bidders, if they appear, in the conference hall of Central Excise & Service Tax, Patna at 16.00 hrs. on 27.12.2013.
Sd/-
Assistant Commissioner (P&V)
Central Excise & Service Tax
Patna

BIHAR STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.
(Transmission Zone, Patna)